प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

15 मार्च 2025

**इंडसइंड बैंक लिमिटेड पर वक्तव्य**

कतिपय क्षेत्रों में इंडसइंड बैंक लिमिटेड से संबंधित कुछ आशंकाएं हैं, जो संभवतः बैंक से संबंधित हाल की घटनाओं से उत्पन्न हुई हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह सूचित करता है कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और बैंक की वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखा परीक्षक द्वारा समीक्षित वित्तीय परिणामों के अनुसार, बैंक ने 16.46 प्रतिशत का पर्याप्त पूंजी पर्याप्तता अनुपात और 70.20 प्रतिशत का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है। 9 मार्च 2025 तक बैंक का चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) 113 प्रतिशत था, जबकि विनियामक आवश्यकता 100 प्रतिशत है।

सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध प्रकटीकरण के आधार पर, बैंक ने अपनी मौजूदा प्रणालियों की व्यापक समीक्षा करने तथा वास्तविक प्रभाव का शीघ्रता से आकलन करने और उसका लेखा-जोखा रखने के लिए पहले ही एक बाह्य लेखा परीक्षा टीम को नियुक्त किया है। बोर्ड और प्रबंधन को रिज़र्व बैंक द्वारा निदेश जारी किया गया है कि वे सभी हितधारकों को आवश्यक प्रकटीकरण के बाद वर्तमान तिमाही अर्थात वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई संपूर्ण रूप से पूरी कर लें। अतः, जमाकर्ताओं को इस समय काल्पनिक रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है और रिज़र्व बैंक द्वारा इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2380**